कैबिनेट के फैसले

# जेवर एयरपोर्ट विस्तार के लिए खरीदी जाएगी जमीन

1 राज्य मुख्यालय। नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के लिए 1365 हेक्टेयर भूमि खरीदी जाएगी। इसमें 1185.6914 हेक्टेयर निजी भूमि होगी। निजी भूमि के अर्जन-अधिग्रहण की कुल लागत लगभग 2890 करोड़ रुपये को मंजूरी कैबिनेट ने दी। कैबिनेट ने कुल 1363.4543 हेक्टेयर भूमि में से राजस्व अभिलेखों में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज 36.5459 हेक्टेयर भूमि को प्राधिकरण द्वारा नागरिक उड्डयन विभाग के नाम अन्तरित किए जाने को मंजूरी दे दी।

2 गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखपुर मन्दिर में बिना पूर्वानुमति क्रय की गई 12.5 एकड़ से अधिक भूमि के अन्तरण को जुर्माने से छूट दी गई है।

ऊर्जा विभाग की बड़ी परियोजनाओं

3 के लिए बैंक व वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने पर शासकीय गारंटी दी जाएगी।

4 ई-कोर्ट में कम्प्यूटर संचालन प्रणाली के कम्प्यूटर आपरेटरों को सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया है। वहीं मथुरा के वृंदावन हासानंद गौचर भूमि ट्रस्ट को 600 एकड़ जमीन पट्टे के रूप में दी जाएगी।